# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

| कक्षा:-7 | विषय: अमृत संचय | पाठ:5 |
|---|---|---|

**अभ्यास-प्रश्नों के उत्तर**

**1. शंकर ने विप्र जी से गेहूँ क्यों उधार लिया था?**

**उत्तर: शंकर ने अपने घर आए साधु-संत को भोजन कराने के लिए विप्र जी से गेहूँ उधार लिया था।**

**2. विप्र जी ने क्या चालाकी की?**

**उत्तर: विप्र जी ने शंकर से लिए गए थोड़े से गेहूँ का हिसाब बहुत अधिक बढ़ाकर बना दिया और ब्याज जोड़कर उसे बड़ा कर्जदार बना दिया।**

**3. विप्र जी के चरित्र की दो विशेषताएँ बताओ।**

**उत्तर: विप्र जी चालाक और लालची थे। वे गरीबों की मजबूरी का लाभ उठाते थे।**

**4. शंकर ने उधार चुकाने के लिए साठ रुपए किस प्रकार एकत्र किए?**

**उत्तर: शंकर ने मजदूरी करके एक-एक पैसा बचाया और बड़ी कठिनाई से साठ रुपए एकत्र किए।**

**5. विप्र जी ने शंकर के बेटे को मजदूर क्यों बना लिया?**

**उत्तर: शंकर का कर्ज पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था। उसकी मृत्यु के बाद विप्र जी ने बचे हुए कर्ज के बदले उसके बेटे को अपने यहाँ मजदूरी करने के लिए मजबूर कर दिया।**